an>

Title: Need to extend railway services in Jalaur Parliamentary Constituency.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): माननीय उपाध्यक्ष जी, पांच साल यू.पी.ए. सरकार थी, मैं पांच साल से मांग करता रहा हूं। मेरे क्षेत्र के पांच से सात लाख लोग बंगलोर, मुम्बई, हुबली, चैन्नई और देश के सभी प्रांतों में रहते हैं। हमारे यहां समदड़ी, भीलड़ी रेल लाइन आई लेकिन समस्या यह हो गई कि सरकार ने ट्रेन देने में समय लगाया और पाटन से अहमदाबाद ब्रॉड गेज ज्यादा आगे नहीं बढ़ाया। एक रानी की वाव गांव है, जिसे अभी वर्ल्ड हैरिटेज़ घोषित कर दिया गया है, यहाँ से आगे का जो ट्रैक है, वह मीटर गेज़ से ब्रॉड गेज़ में कन्वर्ट नहीं हो रहा है जिसके कारण हमारे यहाँ की विभिन्न ट्रेनें आगे नहीं बढ़ सकती हैं। मैं हाऊस के माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि अभी राजस्थान के जालौर-सिरोही के वासियों को समदढ़ी दिलढ़ी ट्रैक पर दक्षिण से और मुम्बई से दादर-बीकानेर को चलने वाली ट्रेन को नियमित किया जाए।

एक डी.एम.यू. ट्रेन चलती है, जिसे हम लोग अदुबोगो कहते हैं, इसका इंजन दोनों ओर होता है। उसे पालनपुर तक बढ़ाया जाए। यदि ये कुछ काम हो जाएंगे तो हमारे यहाँ के लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। आपके माध्यम से मैं सरकार से यही निवदेन करना चाहूँगा।

माननीय उपाध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत अपने आप को श्री देवजी पटेल द्वारा उठाये गये विषय से सम्बद्ध करते हैं।